माँ यशोदा का नटखट लाल मटकी फोड़ गयो भजन लिरिक्स

माँ यशोदा का नटखट लाल,
मटकी फोड़ गयो,
वो माने ना मेरी बात को,
के मटकी फोड़ गयो।bd।

माखन चुराता है हमको सताता है,
हमें तड़पा के वो कहीं छुप जाता है,
ग्वाल बालों की लेके बारात को,
के मटकी फोड़ गयो तोड़ गयो,
वो माने ना मेरी बात को,
के मटकी फोड़ गयो।bd।

नन्द का दुलारा वो राधा को प्यारा वो,
नटखट छबीला है सबसे न्यारा वो,
हम पकड़ेंगे कान्हा की चाल को,
के मटकी फोड़ गयो तोड़ गयो,
वो माने ना मेरी बात को,
के मटकी फोड़ गयो।bd।

हाथ जो आएगा बड़ा पछतायेगा,
पकड़ेंगे कान्हा को माँ माँ बुलाएगा,
जाल हमने बिछाया ऐसा रात को,
के मटकी फोड़ गयो तोड़ गयो,
वो माने ना मेरी बात को,
के मटकी फोड़ गयो।bd।

माँ यशोदा का नटखट लाल,
मटकी फोड़ गयो,
वो माने ना मेरी बात को,
के मटकी फोड़ गयो।bd।

Singer – Manish Aadiwal

समस्त भजनों के लिरिक्स और विडियो बिना इन्टरनेट के भी अपने मोबाइल में देखने के लिए गूगल प्ले स्टोर या एप्पल एप्प स्टोर से 'भजन डायरी एप्प' जरुर इनस्टॉल करे। वेबसाइट - https://www.bhajandiary.com

समस्त भजनों के लिरिक्स और विडियो बिना इन्टरनेट के भी अपने मोबाइल में देखने के लिए गूगल प्ले स्टोर या एप्पल एप्प स्टोर से 'भजन डायरी एप्प' जरुर इनस्टॉल करे। वेबसाइट - https://www.bhajandiary.com